कार्यालय नगर निगम देहरादून
दूरभाष–0135&2655620, 265352, 2658204 फैक्स–0135&2651061
वेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com
टोल फ्री नं0 - 1800-180-4153, कन्ट्रोल रूम - 1800–180–4206

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

पत्रांक 786 दिनांक 24/1/23

निविदा सूचना

नगर निगम देहरादून की सीमान्तर्गत सभी सड़कों/नालियों के मैप तैयार कर नगर निगम सम्पत्ति के स्थाई अभिलेख तैयार करने के लिए नगर निगम देहरादून के समस्त क्षेत्र के डिजीटल सर्वे हेतु डिजिटल सर्वेयर/आर्केटैक्ट/फर्म की सेवाएं ली जानी हैं। सर्वेक्षण के पश्चात् विस्तृत मानचित्र जिसमें सड़कों की लम्बाई, चौड़ाई, ढलान, नालों/नालियों के उद्गम स्थल से अंतिम छोर तक अंकित हो, हार्ड/सॉफ्ट कॉपी में तैयार किया जाना है।

अतः इच्छुक डिजिटल सर्वेयर/आर्केटैक्ट/फर्म को सूचित किया जाता है कि दिनांक .... अपरान्ह 4.00 बजे तक उपरोक्त डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु कार्यालय में अपनी न्यूनतम दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें। दरों के साथ रू0 50,000/– की धरोहर राशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो कि वरिष्ठ वित्त अधिकारी के नाम प्लेज होगी, संलग्न करनी अनिवार्य होगी। बिना धरोहर राशि के निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता,
नगर निगम देहरादून।

प्रतिलिपि –

1. मा0 महापौर महोदय को सादर को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सम्पादक पाईनियर/दैनिक जागरण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को न्यूनतम क्षेत्रफल में आगामी देहरादून संस्करण में पूर्व में निर्धारित दरों पर छूट देते हुए प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां निःशुल्क बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्य की निविदा संबंधित समस्त विवरण नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com पर अपलोड करें।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

24/1/23
अधिशासी अभियन्ता,
नगर निगम देहरादून।